# भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कारपोरेट केन्द्र, मुम्बई

## भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती
## (संविदागत आधार पर नियुक्ति)
## विज्ञापन सं.: सीआरपीडी/एससीओ/2015-16/6

| | |
|---|---|
| 1. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तारीखः 10.11.2015 | 2. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क के भुगतान की आखरी तारीखः 20.11.2015 |
| 3. भारतीय स्टेट बैंक, केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई को ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ अनुलग्नकों/प्रशंसापत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि: 27.11.2015 | |

भारतीय स्टेट बैंक संविदागत आधार पर निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों से अनुरोध किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के अनुभाग **"careers with us"** में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।

| | कृपया ध्यान दें कि |
|---|---|
| 1. | इस परियोजना के अंतर्गत एक उम्मीदवार मात्र एक पद के लिए ही आवेदन कर सकता/सकती है। |
| 2. | आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण होगी जब शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व ऑनलाइन के माध्यम से बैंक में जमा करा दी जाती हो। |
| 3. | आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को संबंधित पद हेतु पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं. पात्रता सूची और साक्षात्कार दस्तावेजों के सत्यापन के बिना पूर्णतया अनंतिम होगा। उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उनके द्वारा साक्षात्कार हेतु रिपोर्ट करने पर उनकी उम्मीदवारिता विवरणों/दस्तावेजों के सत्यापन के अध्यधीन रहेगी। |
| 4. | उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अद्यतन जानकारी बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** पर देखें। |

**नीचे दिए अनुसार विभिन्न ग्रेड से संबंधित रिक्त-पद तथा अन्य विवरण**

| क्रम संख्या | पद और पद कोड | रिक्त पद | | 31.10.2015 को आयु | | 31.10.2015 को शैक्षणिक योग्यता | 31.10.2015 को प्रासंगिक अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | कुल | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1. | उपाध्यक्ष (ग्राहक संबंध प्रबंधन) कोड: वीपी (सीआरएम) | 1 | 1 | 21 | 40 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से सांख्यिकी, अर्थशास्त्र, अर्थमिति, परिचालन अनुसंधान में स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि | विश्लेषणात्मक मॉडलिंग और सीआरएम में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव, अधिमानतः बड़ी बैंकिंग / बीमा कंपनियों में... और नेतृत्व भूमिका या टीम निर्माण में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव । |
| 2. | उपाध्यक्ष (क्रेडिट और परिचालन एनालिटिक्स) कोड: वीपी (सीओए) | 1 | 1 | 21 | 40 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से सांख्यिकी, अर्थशास्त्र, अर्थमिति, परिचालन अनुसंधान में स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि | विश्लेषणात्मक मॉडलिंग, जोखिम और डिफ़ॉल्ट प्रबंधन और परिचालन के संबंध में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव, अधिमानतः बड़ी बैंकिंग / बीमा कंपनियों में... और नेतृत्व भूमिका या टीम निर्माण में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव । |
| 3. | उपाध्यक्ष (परियोजना प्रबंधन) कोड: वीपी (पीएम) | 2 | 2 | 21 | 40 वर्ष | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों से कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर एप्लिकेशन / इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी / इलेक्ट्रानिक्स / इलेक्ट्रानिक्स एवं इन्स्ट्रुमेनटेशन में बीई/बी.टेक (या) इलेक्ट्रानिक्स /इलेक्ट्रानिक्स एवं इन्स्ट्रुमेनटेशन/कंप्युटर साइंस/इन्फॉमेशन टेक्नालाजी / कंप्यूटर एप्लिकेशन में एमएससी (या) एमसीए के साथ-साथ पीएमपी प्रमाणपत्र। | आईटी क्षेत्र में कम से कम 7 वर्ष का अनुभव जिसमें से कम से कम 3 वर्ष का अनुभव परियोजना प्रबंधन में नेतृत्व भूमिका में हो । |
| 4. | टेक्नॉलॉजी आर्किटेक्ट कोड: (टीए) | 2 | 2 | 21 | 40 वर्ष | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों से कंप्यूटर साइंस / कंप्यूटर एप्लिकेशन / इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी / इलेक्ट्रानिक्स / इलेक्ट्रानिक्स एवं इन्स्ट्रुमेनटेशन में बीई/बी.टेक (या) इलेक्ट्रानिक्स /इलेक्ट्रानिक्स एवं इन्स्ट्रुमेनटेशन / कंप्युटर साइंस / इन्फॉर्मेशन टेक्नालाजी / कंप्यूटर एप्लिकेशन में एमएससी (या) एमसीए | आईटी क्षेत्र में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव जिसमें से कम से कम 3 वर्ष का अनुभव आर्किटेक्ट डिजाइन (HW और अनुप्रयोगों) में हो । |
| 5. | उपाध्यक्ष (मानव संसाधन) कोड: वीपी (एचआर) | 1 | 1 | 21 | 40 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय / संस्थान से एमबीए (एचआर) | आईटी क्षेत्र में मानव संसाधन में कार्य करने का न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव हो । |
| 6. | उपाध्यक्ष – अनुपालन (कंपनी सेक्रेटरी) कोड: वीपी-सी (सीएस) | 1 | 1 | 21 | 45 वर्ष | उम्मीदवार अनिवार्य रूप से स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की फ्लोशिप सदस्यता होनी चाहिए। विधि/ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स / प्रतिष्ठित ए ग्रेड बी-स्कूल से एमबीए (वित्त) / सीएआईआईबी में अतिरिक्त डिग्री वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। | किसी सरकारी बैंक या प्रतिष्ठित सूचीबद्ध पब्लिक लिमिटेड कंपनी में कार्य करने का न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव (अनुपालन कार्य / सचिवीय कार्य में 3-5 वर्ष का काफी अनुभव वांछनीय है) |

क. **जॉब प्रोफाइल:**

**पोस्ट 1) उपाध्यक्ष (ग्राहक संबंध प्रबंधन)**

**पोस्ट 2) उपाध्यक्ष (क्रेडिट और परिचालन एनालिटिक्स)**

- ग्राहकों के अधिग्रहण के लिए विभिन्न मॉडल विकसित करना, क्रॉस-बिक्री और अप सेल को बढ़ाना, प्रति ग्राहक राजस्व में सुधार करना, वॉलेट की हिस्सेदारी / उत्पाद प्रति ग्राहक बढ़ाना और एनपीए कम करना।

**पोस्ट 3) उपाध्यक्ष (परियोजना प्रबंधन)**

- विभाग में संसाधन आयोजना
- बैंक की आईटी और आईएस नीति के अनुसार, मानक परियोजना प्रबंधन पद्धति को कार्यक्षम रूप से लागू करना।

**पोस्ट 4) टेक्नॉलॉजी आर्किटेक्ट**

- बैंक द्वारा शुरू की गई सभी आईटी परियोजनाओं के लिए संपूर्ण बैंक प्रक्रिया, एप्लिकेशनों, डाटा, विभिन्न आधारिक संरचनाओं का एक इन्टरप्राइज आर्किटेक्चर ब्ल्यूप्रिंट तैयार करना।

**पोस्ट 5) उपाध्यक्ष (मानव संसाधन)**

- भर्ती के समय में विभिन्न आईटी परियोजनाओं के लिए आवश्यक कौशल और योग्यता निर्धारण करना
- मुआवजा पैकेज डिजाइन करना और विभिन्न कर्मचारी लाभ कार्यक्रम बनाना

**पोस्ट 6) उपाध्यक्ष – अनुपालन (कंपनी सेक्रेटरी)**

- सेबी सूचीबद्ध विनियमों, के विभिन्न विनियमों आरबीआई–भारत सरकार के प्रावधानों–विनियमों और एसबीआई अधिनियम/विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना, बोर्ड के साथ समन्वय करना और उसे रिपोर्ट करना, समय समय पर यथा निर्दिष्ट ढंग से इन प्राधिकरणों के नियमों, विनियमों और अन्य निर्देशों के अनुपालन के संबंध में शेअर बाजार (बाजारों) और डिपॉजिटरी के नियमों की जानकारी रखना, सांविधिक/विनियामक अपेक्षाओं आदि के अनुसार आवधिक विवरणियां/सूचनाएं शेयर बाजारों में प्रस्तुत करना इत्यादी।

**ख. पद क्र. 1 से 5 के लिए पारिश्रमिक:** कुल परिलब्धियां (सीटीसी) प्रथम वर्ष ₹ 18 लाख हो जाएगा. कोई भी अनुलाभ नहीं.

दूसरे साल के लिए: ₹ 18 लाख + 10% निष्पादन आधारित परिवर्तनशील वेतन और तीसरे साल के लिए ₹ 18 लाख + 20% निष्पादन आधारित परिवर्तनशील वेतन है. हालांकि, पारिश्रमिक उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए समझौता है।

**पद क्र. 6 के लिए पारिश्रमिक:** प्रथम वर्ष के लिए कुल परिलब्धियां (सीटीसी) ₹ 24 लाख हो जाएगा. कोई अनुलाभ नहीं.

दूसरे साल के लिए: ₹ 24 लाख + 10% निष्पादन आधारित परिवर्तनशील वेतन और तीसरे साल के लिए ₹ 24 लाख + 20% निष्पादन आधारित परिवर्तनशील वेतन है. हालांकि, पारिश्रमिक उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए समझौता है. स्वयं और परिवार 2 बच्चों से अधिक नहीं के लिए चिकित्सा बीमा प्रीमियम की प्रतिपूर्ति की राशि जो ₹ 0.30 लाख से अधिक नहीं होगी, का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा.

**ग. संविदा की अवधि:** 3 वर्ष और बैंक के विवेकानुसार इसे आगे बढ़ाया जा सकता है.

**घ. चयन प्रक्रिया**

i) चयन पात्रता सूची (शॉर्ट लिस्टिंग) और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा.

**साक्षात्कार:** बैंक द्वारा यथा निर्धारित पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों की उनकी योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार के लिए समग्र उपयुक्तता के आधार पर एक पात्रता सूची तैयार की जाएगी। साक्षात्कार में अर्हता अंक के बारे में बैंक द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

**योग्यता सूची:** चयन के लिए योग्यता सूची को केवल साक्षात्कार में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार किया जाएगा। यदि एक से अधिक उम्मीदवारों को निर्दिष्ट अंक (Cut off Marks) प्राप्त होते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को चयनसूची और प्रतीक्षा सूची दोनों में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में रखा जाएगा।

**ङ. आवेदन कैसे करें**

- उम्मीदवारों की वैध ई–मेल आईडी होनी चाहिए जो परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए. इससे उन्हें कॉल लेटर/साक्षात्कार ई–मेल द्वारा सूचना प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

**क) ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश:**

i) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से स्वयं को ऑनलाइन पंजीकृत कर और डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि का उपयोग करते हुए आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

ii) उम्मीदवारों को पहले अपना फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने चाहिए. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं किए जाएंगे जब तक उम्मीदवार निर्दिष्ट तरीके से अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड न कर दें।

iii) उम्मीदवार को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** पर आकर 'Recruitment link' पर उचित ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्मेट खोलना चाहिए.

iv) आवेदन ध्यान से भरें. एक बार आवेदन पूरी तरह से भरने पर, उम्मीदवार को डेटा सबमिट करना चाहिए. उम्मीदवार के एक ही बार में डेटा भरने में सक्षम न होने की स्थिति में, वह पहले से दर्ज डेटा को सेव कर सकता है. जब डेटा सेव करते हैं, तो सिस्टम द्वारा एक provisional अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड उत्पन्न होगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लेना चाहिए.** वे पंजीकृत नंबर और पासवर्ड का उपयोग कर सेव किए डेटा को फिर से खोल सकते हैं और आवश्यक हो, तो विवरणों में संशोधन कर सकते हैं. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. एक बार आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद, उम्मीदवार डेटा सबमिट करके ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए आगे बढ़ना चाहिए.

**ख) शुल्क भुगतान:**

i) आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (वापसी योग्य नहीं) ₹ 600/–.

ii) शुल्क भुगतान उस समय उपलब्ध भुगतान के गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा.

iii) आवेदन फार्म में विवरणों की सत्यता सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों को एकीकृत भुगतान के गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है. उसके बाद किसी परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं होगी.

iv) स्क्रीन पर पूछी जानकारी उपलब्ध कराकर भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि का उपयोग करके किया जा सकता है। ऑनलाइन भुगतान के लिए लेनदेन प्रभार, यदि कोई हो, तो उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा.

v) लेनदेन के सफल समापन पर, ई–रसीद और आवेदन पत्र उम्मीदवार द्वारा दर्ज तारीख के साथ उत्पन्न होगी और वह प्रिंट होनी चाहिए.

vi) अगर ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूरा नहीं होता, तो कृपया फिर से पंजीकरण करें और ऑनलाइन भुगतान करें.

vii) शुल्क विवरण वाला ई–रसीद और आवेदन फार्म को बाद के चरण में, फिर से प्रिंट करने का प्रावधान भी है.

**ग) आवेदन की प्रतियां (ऑनलाइन पंजीकृत) और साथ में (i) आईडी प्रूफ़ (ii) जन्म प्रमाण (iii) शैक्षिक प्रमाण पत्र/अंक तालिका (iv) अनुभव प्रमाणपत्र (v) शुल्क भुगतान की ई–रसीद ''केंद्रीय भर्ती और पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केंद्र, तीसरी मंजिल, अटलांटा भवन, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021 को 27.11.2015 तक डाक भेजे जाने चाहिए. उक्त तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन की प्रतियां न मिलने पर, शार्ट लिस्टिंग और चयन के लिए उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**च) सामान्य जानकारीः**

i) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए.

ii) सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता का ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा भत्ता, यदि कोई हो, जो अन्यथा स्वीकार्य है, उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

iii) चयन होने पर नियुक्ति के समय उम्मीदवारों को नियोक्ता से उचित कार्य–मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.

iv) उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से काफ़ी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि तक इंतजार न करें जिससे कि इंटरनेट पर भारी बोझ या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में डिस्कनेक्शन/असमर्थता/विफलता की संभावना से बचा जा सके।

v) भारतीय स्टेट बैंक उपरोक्त कारणों से या अन्य दूसरे कारणों से, जो उसके नियंत्रण से परे हैं, उम्मीदवार द्वारा अंतिम तिथि के अंदर अपने आवेदन प्रस्तुत / सबमिट नहीं कर पाने पर कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

vi) भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलने पर कि यह उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई भी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या कोई भी तथ्य दबाया/दबाए हैं तो उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी. अगर ये कमियां नियुक्ति के बाद भी पता चलती हैं, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.

vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचनाएं, अर्थात कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल आईडी सक्रिय रखें.

viii) पात्रता, परीक्षा संचालन, अन्य परीक्षण और चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक का फैसला अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा. इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार का बैंक द्वारा जवाब नहीं दिया जाएगा.

ix) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को भारत में सबसे लघुतम मार्ग का एसी III रेलवे किराया (मेल/एक्सप्रेस) या अन्य किसी साधन से की गई यात्रा का वास्तविक व्यय, जो भी कम हो, का भुगतान किया जाएगा। स्थानीय यात्रा व्ययों का भुगतान नहीं किया जाएगा।

x) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उन्हें चिकित्सा की दृष्टी से स्वस्थ घोषित करने के अध्ययीन रहेगी. ऐसी नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए, बैंक में कार्यग्रहण करने के समय लागू बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अध्यधीन भी रहेगी.

xi) इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके जवाब में प्राप्त हुए किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरू की जा सकती है और केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/अधिकरणों/मंचों को ही ऐसे दावों/विवादों का निपटान करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार रहेगा।

**मुंबई – 400021** महाप्रबंधक

**दिनांक: 10.11.2015**